हिन्दुस्तान www.livehindustan.com



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती की कार्यशाला में आज

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 'खेती' के गुर सीखेंगे 600 किसान

**आगमन**

- पद्मश्री किसान भारत भूषण त्यागी भी किसानों को टिप्स देंगे
- मुख्यमंत्री किसानों से संवाद भी कर सकते, कुछ को तैयार किया

**10** उत्कृष्ट किसानों को किया जाएगा सम्मानित



सीएम के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय।

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में गुरुवार को होने वाली प्राकृतिक खेती की कार्यशाला में 600 किसानों को प्राकृतिक खेती के हर बिन्दु की जानकारी दी जाएगी। प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट काम करने वाले 10 किसानों को सम्मानित किया जाएगा। बुलंदशहर के पद्मश्री किसान भारत भूषण त्यागी भी किसानों को टिप्स देंगे।

कार्यशाला में सीएम योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उनके साथ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी मंच पर मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में पांच तकनीकी सत्र होंगे। मुख्यमंत्री किसानों से संवाद भी कर सकते हैं। इसके लिए भी कुछ किसानों को तैयार किया गया है।

**तकनीकी सत्र में दी जाएगी अहम जानकारी :** प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों को अहम जानकारी देने के लिए पांच तकनीकी सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। श्रीअन्न या मिलेट्स की पैदावार कैसे करें को लेकर सीएसए कृषि विवि की डॉ. श्वेता यादव, मौसम परिवर्तन के अनुसार कृषि प्रणाली एवं प्रबंधन पर डॉ. नौशाद खान, गो आधारित प्राकृतिक खेती की आवश्यकता, संभावना व तकनीकी प्रबंधन पर डॉ. उमानाथ शुक्ल, दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन विकास डा. रामजी गुप्ता और कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली फसल को लेकर डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी अहम जानकारी किसानों को देंगे।

**इन किसानों को किया जाएगा सम्मानित :** प्राकृतिक खेती की कार्यशाला में चौबेपुर के डिंगारापुर निवासी किसान सुरेंद्र पाल, कल्याणपुर पैगुपुर के छोटेलाल, आशीष कुमार, शिवराजपुर के रामशंकर द्विवेदी, राजेश कुमार त्रिपाठी, बिल्हौर के मंगल सिंह, सुनील सिंह कटियार, सरसौल के रोशन, अरविंद कुमार और झींझक के फूल सिंह यादव को सम्मानित किया जाएगा। किसान श्रवण कुमार, डॉ. विपिन शुक्ला, आशीष कुमार, रघुनाथ सिंह, लक्ष्मीकांत और अनीता को मिनीकिट वितरित की जाएगी।



**निरीक्षण करते सीएसए के कुलपति व अन्य।**

# यूपी कैटेट-2026-27 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षण

कानपुर, 17 जून। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने यूपी कैटेट 2026 की स्नातक कृषि प्रवेश परीक्षा केंद्रों का दौरा कर किया। आज सीएसए की टीम के साथ वरिष्ठ अधिकारियों ने बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बेनाझाबर, कानपुर विद्या मंदिर तथा जय नारायण विद्या मंदिर आदि परीक्षा केंद्रों का औचक दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएसए के कुलसचिव रेनू सिंह ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा द्वारा कराई जा रही है। यह प्रवेश परीक्षा कानपुर के पांच परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई है। जिसमें कृषि स्नातक के 2847 छात्रों को परीक्षा देनी थी जिसमें 2640 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 207 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।उन्होंने बताया कि कल दिनांक 18 जून 2026 को परास्नातक एवं पीएचडी की प्रवेश परीक्षा शहर में आयोजित की जाएगी जिसमें लगभग 785 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे जबकि द्वितीय पाली में एमबीए के 132 छात्र परीक्षा देंगे।

व समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू, आलोक सचान, अनिल चतुर्वेदी,

अमर उजाला 18/06/2026

स्रो[illegible] त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

## पांच केंद्रों पर यूपीकैटेट, 207 अनुपस्थित

कानपुर। शहर के पांच केंद्रों में बुधवार को उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपीकैटेट) का आयोजन हुआ, जिसमें 207 छात्र नदारद रहे। यह परीक्षा प्रदेश के पांच कृषि विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए हुई। कृषि स्नातक के लिए 2847 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। प्रवेश परीक्षा का आयोजन बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने किया। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों के साथ केंद्रों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बेनाझाबर, कानपुर विद्या मंदिर और जय नारायण विद्या मंदिर में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुरुवार को परास्नातक, एमबीए एवं पीएचडी की प्रवेश परीक्षा है। पहली पाली में 785 और दूसरी में 132 छात्र परीक्षा देंगे। (ब्यूरो)

# सीएम योगी आज करीब चार घंटे रहेंगे शहर में

माई सिटी रिपोर्टर

### सीएसए में प्रदर्शनी का करेंगे अवलोकन, एचबीटीयू में करेंगे मंडलीय समीक्षा बैठक

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को तीन घंटे 50 मिनट के दौरे पर शहर आएंगे। उनका दौरा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और विकास परियोजनाओं की समीक्षा पर केंद्रित रहेगा। उनके आगमन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।



मुख्यमंत्री सीएसए में प्राकृतिक खेती विषयक प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इसमें किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की ओर से लगाए गए स्टॉलों पर तकनीक, नवाचार और खेती के नए मॉडल की जानकारी लेंगे। इसके बाद सीएसए सभागार में प्राकृतिक खेती कार्यशाला में इसे बढ़ावा देने, किसानों की आय बढ़ाने और रासायनिक खेती के विकल्पों पर चर्चा करेंगे। कार्यशाला में जिले के करीब 600 किसानों को शामिल किया जाएगा। इसके लिए कृषि विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीएम किसानों से संवाद भी कर सकते हैं।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस जाएंगे। इसके बाद वह एचबीटीयू स्थित संयुक्त आयुक्त उद्योग सभागार में लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें कानपुर मंडल की सड़कों, पुलों, मार्ग चौड़ीकरण और अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा होगी। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेंगे और उनकी सुरक्षा के लिए 450 पुलिसकर्मी तैनात किए गए है। कार्यक्रम स्थल पर एंटी सबोटॉज टीम, एलआईयू, डॉग स्क्वॉड और दो कंपनियां पीएसी भी तैनात रहेंगी।

### ये किसान होंगे सम्मानित

*सुरेंद्र पाल, छोटेलाल, आशीष कुमार, राम शंकर द्विवेदी, राजेश कुमार त्रिपाठी, मंगल सिंह, सुनील सिंह कटियार, रोशन, अरविंद कुमार, फूलसिंह यादव, बड़ेलाल।*

### इन्हें मिलेगी मिनीकिट

*श्रवण कुमार, डॉ. विपिन शुक्ला, आशीष कुमार रघुनाथ सिंह, कैंधा, लक्ष्मीकांत, अनीता*

### मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

- **11:45 बजे:** सीएसए हेलीपैड पर आगमन
- **11:55 से 12:10 बजे:** प्राकृतिक खेती प्रदर्शनी का अवलोकन
- **12:15 से 1:15 बजे:** प्राकृतिक खेती कार्यशाला में सहभागिता
- **1:20 से 2:20 बजे:** सीएसए गेस्ट हाउस में आरक्षित समय
- **2:25 से 3:25 बजे:** एचबीटीयू में समीक्षा बैठक
- **3:35 बजे:** हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए प्रस्थान

अमर उजाला 18/06/2026